# University in News on 16 December 2021

**HINDUSTAN PAGE 6**

## एलयू: एलएलबी की परीक्षा शुरू, 77 छात्र अनुपस्थित

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी पंचवर्षीय (इंटीग्रेटेड) और एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई हैं। इन परीक्षाओं के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैम्पस समेत 13 केन्द्र बनाए गए हैं। इसके अलावा बीबीए, बीबीए (आईबी), बीएमएस की परीक्षाएं गुरुवार से छह केन्द्रों पर होंगी।

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इन परीक्षाओं के लिए कुल 5286 छात्र-छात्राओं ने फॉर्म भरे थे। इनमें से 5209 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए वहीं 77 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बता दें कि एलएलबी त्रिवर्षीय परीक्षाओं के लिए 10 केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं एलएलबी फाइव इयर की परीक्षा तीन केन्द्रों पर आयोजित की जा रही हैं। बुधवार को परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नजर आई। कोविड प्रोटोकॉल के तहत परीक्षार्थियों में सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान भी रखा गया। हालांकि कुछ केन्द्रों पर परीक्षार्थी बिना मास्क के पहुंचे थे, उन्हें हिदायत दी गई कि अगली परीक्षा बिना मास्क के न आएं। परीक्षाओं को नकल विहीन रखने और शुचिता बनाए रखने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के सचल दस्ते ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण भी किया। कहीं से शिकायत नहीं आई।

### फिर बढ़ी फीस जमा करने की तारीख

लखनऊ विश्वविद्यालय में तीसरे, पांचवे, सातवें, नौवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को फीस जमा करने का एक और मौका दिया गया है। कुलसचिव कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार जो छात्र-छात्राएं अभी तक फीस नहीं जमा कर पाए हैं, उन्हें 17 दिसम्बर तक इसके लिए आखिरी मौका दिया जा रहा है।

## लवि : इंजीनियरिंग के 12 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 12 और विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में दो कंपनियों ने चयन किया।

इनमें रंजना, पूर्णिमा, मोनिस, भास्कर, अंकित, प्रियंका, श्रेया और अविनाश का साफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम छह लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन किया गया। इसके अलावा ऋषभ, यश, अदिति, मानसी का बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम छह लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन इंजीनियरिंग संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. हिमांशु पांडेय, अंशु सिंह, पंकज कुमार के नेतृत्व में हुआ था।

**JAGARAN CITY PAGE I**

## एलएलबी परीक्षा में रही 98.5 प्रतिशत उपस्थिति

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत हो गई। पहले दिन एलएलबी तीन वर्षीय, पांच वर्षीय (इंटीग्रेटेड) सेमेस्टर के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं आयोजित की गईं। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सचल दल ने कई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कुछ केंद्रों पर कई विद्यार्थी मास्क नहीं लगाए थे, उन्हें हिदायत दी गई।

तय परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन एलएलबी (तीन वर्षीय) तृतीय सेमेस्टर : ह्यूमन राइट्स ला एंड प्रैक्टिस, एलएलबी (इंटीग्रेटेड) तृतीय सेमेस्टर ओल्ड कोर्स-2016, 2018 (बैक पेपर एग्जाम्पटेड) : ज्यूरिसप्रूडेंस-1, एलएलबी इंटीग्रेटेड तृतीय सेमेस्टर कोर्स 2019, 2017- एक्जाम्पटेड -बैक पेपरः सोशियोलाजी, ज्यूरिसप्रूडेंस-1, एलएलबी इंटीग्रेटेड सेमेस्टर सात : इंटीलेक्चुअल प्रापर्टी ला-1, कोड आफ सिविल प्रोसीजर एंड ला आफ लिमिटेशन-1 विषय की परीक्षा हुई। इसमें चार हजार विद्यार्थी पंजीकृत थे। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा में 5,286 में से सिर्फ 77 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। यानी 98.5 प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

बुधवार को 10 केंद्रों पर परीक्षा हुई। सुबह 9 से 12 बजे तक पहली पाली में तीन केंद्र बनाए गए थे। इनमें रेडियंट कालेज आफ ला अमेठिया में विश्वविद्यालय का सचल दल निरीक्षण करने पहुंचा। सचल दल के मुताबिक यहां छात्र संख्या कम होने की वजह से दो कमरों में ही परीक्षा थी। लिहाजा सचल दल सवा घंटे यहां रुका रहा। जेएनपीजी कालेज परीक्षा केंद्र पर अधिक परीक्षार्थी थे, जिन्हें व्यवस्थित करने में थोड़ी समस्या हुई। इनमें से तमाम लोग मास्क भी नहीं लगाए मिले।

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं 22 से

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी बाटनी तीसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 22 से 24 दिसंबर तक होंगी। विभाग की हेड प्रो. नलिनी पांडेय ने बुधवार को इसका नोटिस जारी कर दिया। छात्र-छात्राओं को विभाग के नोटिस बोर्ड पर अपना बैच देखकर प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने के लिए कहा गया है। (जासं)

**AMRIT VICHAR PAGE 5**

## छात्राओं को बताया योग का महत्व

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय परिसर में मिशन शक्ति तृतीय चरण के अंतर्गत योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रांशु राय और संध्या तिवारी ने संकाय की छात्राओं को कुशल योग परीक्षण के साथ स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान दी। उन्होंने छात्राओं को योग का महात्व भी बताया। इस मौके पर कार्यक्रम में संकाय में कार्यरत महिला होमगार्ड रूप रानी को उनके प्रसूति काल में किए गए उत्कृष्ट सेवा एवं कर्मठता के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## शिक्षा के साथ रोजगार पाकर विद्यार्थी खुश

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में दो कम्पनियों में 12 छात्रों का चयन हुआ। रेवाचर कंपनी में 8 छात्रों रंजना यादव, पूर्णिमा, मोनिस यामीन, भास्कर, अंकित पांडे, प्रियंका, श्रेया कुशवाहा और अविनाश सिंह का सॉफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा मायफर्स्ट एक्सपी कंपनी में 4 छात्रों ऋषभ सहाय, यश श्रीवास्तव, अदिति, मानसी गुप्ता का बिज़नेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम 6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ।

**PIONEER PAGE 3**

## आसान हुई एलयू में शोध की राह, दो माह में मिले एक करोड़ से ऊपर के बजट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डीन के नए पदों के सृजन को लेकर शिक्षक संघ भले विरोध में है, पर इनके चलते लखनऊ विश्वविद्यालय में रिसर्च की गाड़ी फास्टट्रैक मोड पर आ गई है। बीते दो माह के अंदर विवि को रिसर्च एंड डेवलपमेंट तथा सेंटर फॉर एक्सीलेंस के नाम पर एक करोड़ से ऊपर का बजट आवंटित हुआ है। जिसके चलते न केवल विवि में रिसर्च से सम्बंधित प्रोजेक्ट बढ़े हैं बल्कि इम्प्लॉयबिलिटी भी बढ़ी है।

शोध एवं अनुसंधान के नाम पर राज्य सरकार की तरफ से उच्च शैक्षणिक संस्थानों को अनुदान दिए जाते हैं। जिससे शैक्षणिक संस्थाएं शोध को बढ़ावा दे सकें। पहले विवि में एक प्रोजेक्ट के एप्रूवल के लिए शिक्षक को रजिस्ट्रार और कुलपति कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। जिसके चलते समय पर कई बार प्रोजेक्ट के शुरू न होने से आवंटित बजट के लैप्स होने का खतरा बना रहता था। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की तरफ से डीन के पदों का सृजन किया गया है। इनमे एक पद डीन रिसर्च का भी शामिल है। डीन रिसर्च का पद अस्तित्व में आने के बाद अब शिक्षक को रजिस्ट्रार कार्यालय के चक्कर नही काटने पड़ते हैं। प्रोजेक्ट एप्रूवल व रिसर्च एसोसिएट की नियुक्ति के डीन रिसर्च की चेयरमैनशिप में सहायक कुलसचिव रिसर्च, सम्बन्धित विभाग के विभागाध्यक्ष व शिक्षक होते हैं। चार सदस्यीय कमेटी निर्णय लेकर कुलपति को अप्रूवल के लिए प्रस्ताव भेज देती है। इतना ही नही शोध को बढ़ावा देने के लिए कुलपति के नॉमिनी के रूप में डीन रिसर्च प्रोजेक्ट को लेकर शासन स्तर पर पैरवी के लिए अधिकृत भी होते हैं।

### दो माह के अंदर विवि को मिली एक करोड़ से ऊपर ग्रांट

बीते दो माह के अंदर विवि को रिसर्च एंड डेवलपमेंट और सेंटर फॉर एक्सीलेंस के नाम पर एक करोड़ से ऊपर का बजट आवंटित हुआ है। इसमें 55 लाख रुपये रिसर्च एंड डेवलपमेंट के लिए मिला है। जबकि 46 लाख से ऊपर की राशि सेंटर आफ एक्सीलेंस को लेकर मिली है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट के अंतर्गत 14 प्रोजेक्ट साइंस के और 2 प्रोजेक्ट लॉ से सम्बंधित है। इसके अलावा 4 लाख से ऊपर की राशि सेमिनार के लिए प्राप्त हुई है। वहीं विवि की तरफ से 14 नए प्रस्ताव अभी दो दिन के अंदर शासन को भेजे गए हैं।

**AMRIT VICHAR PAGE 5**

## महिला सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला

लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग में दो दिवसीय मिशन शक्ति कार्यक्रम का तीसरा फेस शुरू किया गया है। पहले दिन के मुख्य अतिथि मधुरिमा लाल ( संयोजक मिशन शक्ति कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय), अंजली सिंह ( जूट आर्टिशियन गिल्ड एसोसिएशन को संस्थापक ) उपस्थित रहे। इस दौरान प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने मिशन शक्ति की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की तथा ये जानकारी भी दी कि लखनऊ विश्वविद्यालय मिशन शक्ति की उपलब्धियों में प्रदेश में शीर्ष पर है। मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित मेडिकल कैंप और सुरक्षा प्रशिक्षण कैंप के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने एक गीत भी छात्रों को सुनाया।